राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः परीक्षा–तृतीय/पु.मू./2023/ 1904

दिनांकः 1-5-23

मुख्य परीक्षा–2023 के पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्र भरने संबंधी दिशा–निर्देश

राजस्थान विश्वविद्यालय परीक्षा–2023 के पुर्नमूल्यांकन हेतु अध्यादेश संख्या 157–A के प्रावधानों के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन–पत्र निम्नानुसार भरे जायेंगे:–

1. समस्त स्नातक (पास/ऑनर्स कोर्स), स्नातक सेमेस्टर/सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/एम.फिल. पाठ्क्रमों की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्र वेबसाईट **www.univraj.org** के माध्यम से भरे जायेंगे।
2. जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम **RW-EX/RW-EN** प्रदर्शित हो रहा है या अध्यादेश के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं, ऐसे इच्छुक परीक्षार्थी निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन पोर्टल **www.univraj.org** पर जाकर पुर्नमूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं।
3. विश्वविद्यालय प्रावधान एवं सिंडीकेट के निर्णयानुसार परीक्षार्थी 50 प्रतिशत प्रश्न–पत्रों में पुनर्मूल्यांकन करवा सकता है।
4. पुनर्मूल्यांकन के आवेदन हेतु नियमित छात्र के लिये रूपये 430/– प्रति प्रश्न–पत्र तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये रूपये 430/– प्रति प्रश्न–पत्र मय प्रोसेसिंग शुल्क रूपये 100/– निर्धारित हैं।
5. अन्तिम तिथि:– विश्वविद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा घोषित होने की तिथि से 15 दिवस तक ही पुनर्मूल्यांन हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात् संबंधित परीक्षा की वेबसाईट स्वतः बन्द हो जायेगी।
6. आवेदन–पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया–परीक्षार्थियों को निर्धारित परीक्षा शुल्क **ICICI BANK** के माध्यम से जमा कराना होगा। परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:–
   (अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट **www.univraj.org** पर **Visit** कर अपनी कक्षा से संबंधित ऑनलाईन पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्र मुख्य परीक्षा के अनुक्रमांक से भरेंगे।
   (ब) पुनर्मूल्यांकन का निर्धारित शुल्क **ICICI BANK** में क्रेडिट/डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिग के माध्यम से जमा करवा सकते हैं, तत्पश्चात् आवेदन पत्र की दो प्रतियों में प्रिंट प्राप्त कर लें। आवेदन पत्र की दोनो प्रतियां एवं शुल्क जमा की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें।
   (स) एक बार शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा।

नोटः– सूचित किया जाता है कि पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्रो की होर्डकापी विश्वविद्यालय में जमा करवाने की आवश्यकता नही है तथा परीक्षार्थी आवेदन–पत्र की हार्डकॉपी को अपने पास सुरक्षित रखे और विश्वविद्यालय द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

PRINCIPAL
VIVEK PG COLLEGE
KALWAR, JAIPUR-303706

परीक्षा नियंत्रक